सत्यमेव जयते

UPPSC/UPPCS
Exam Paper

# यूपीपीएससी - यूपीपीसीएस

# मुख्य परीक्षा 2020

# अनिवार्य विषय

# प्रश्न पत्र

# “सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र 4”

परीक्षा तिथि: 23rd जनवरी 2020

No. of Printed Pages : 4

Serial No. 5035526

# PSL – 56/20

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न–पत्र – IV)
## GENERAL STUDIES (PAPER – IV)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :**

(i) कुल 20 प्रश्न दिए गए हैं । खण्ड–अ से 10 प्रश्न लघुउत्तरीय हैं, जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द–सीमा 125 तथा खण्ड–ब से 10 प्रश्न दीर्घउत्तरीय हैं, जिनके प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा 200 निर्धारित हैं। जो हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्नों में इंगित शब्द–सीमा को ध्यान में रखें ।

(v) उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दें ।

**Specific Instructions :**

(i) There are 20 questions. Section – A consists of 10 short answer questions with word limit of **125 each** and Section – B consists of **10 long** answer questions with word limit of **200 each**. The questions are printed both in **Hindi** and in **English**.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) The number of marks carried by a question/part is **indicated** against it.

(iv) Keep the **word limit** indicated in the questions in mind.

(v) **Any** page or portion of the page **left blank** in the answer booklet must be **clearly struck off**.

### खण्ड – अ/SECTION – A

1. मूल्य सृजन में परिवार, समाज और शिक्षण संस्थाओं की भूमिका की विवेचना कीजिए।

Discuss the role of family, society and educational institutions in inculcating values.

2. शासन में पारदर्शिता के लिए 'सूचना के अधिकार' की भूमिका की विवेचना कीजिए।

Discuss the role of 'Right to Information' for transparency in Governance.

STUDY MARATHON
Downloaded from: http://studymarathon.com/

3. "बेईमान अधिकारियों के अभियोजन के लिए सरकार की स्वीकृति की आवश्यकता, भ्रष्टाचार के लिए एक सुरक्षा की ढाल है।" इस कथन का परीक्षण कीजिये। 8

"The requirement of government sanction for prosecuting the dishonest officials is a protective shield for corruption." Examine the statement.

4. सिविल सेवा के सन्दर्भ में निम्नलिखित की विवेचना कीजिए। 8

अ) निष्पक्षता ब) प्रतिबद्धता

Discuss the following in the context of civil services.

A) Impartiality B) Commitment

5. एक कर्मचारी अपने कार्यालय में रिश्वत ले रहा था। उसके अधिकारी ने उसे रंगे–हाथों पकड़ लिया। अधिकारी जानता है कि यदि उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है, तो उसके वृद्ध माता–पिता बेघर व बेसहारा हो जायेंगे। इसलिए अधिकारी ने उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया। कल्पना कीजिए कि आप वही अधिकारी हैं। इन स्थितियों में आप क्या करेंगे ? विस्तृत चर्चा करिये। 8

An employee was taking a bribe in his office. His officer caught him red-handed. The officer knows that if he is dismissed from his job, his old parents will become homeless and destitute. Therefore, the officer left him with a warning only. Imagine that you are the same officer. What will you do in these situations ? Discuss in detail.

6. आप प्रशासनिक कार्यों में संवेगात्मक बुद्धि को कैसे लागू करेंगे ? व्याख्या कीजिये। 8

How will you apply emotional intelligence in administrative practices ? Explain.

7. 'लोक सेवक' शब्द से आप क्या समझते हैं ? लोक सेवा के लिए आवश्यक रूप से किस प्रकार की अभिक्षमता का होना विचारणीय है ? विवेचना कीजिए। 8

What do you understand by the term 'Public Servant' ? What kind of aptitude is considered important for the civil services ? Explain.

8. निम्नलिखित में विभेद कीजिए। 8

अ) सहिष्णुता और सहानुभूति ब) अभिवृत्ति और अभिक्षमता

Differentiate between the following.

A) Tolerance and Compassion B) Attitude and Aptitude

9. कमजोर वर्गों के प्रति सहिष्णुता एवं करुणा के मूल्य लोक सेवा में किस प्रकार अभिव्यक्त होते हैं ? उपयुक्त उदाहरणों के साथ व्याख्या कीजिए। 8

How do the values of tolerance and compassion get manifested in public service towards the weaker sections ? Explain with suitable examples.

10. मनोवृत्ति परिवर्तन में विश्वासोत्पादक संचार के महत्व की व्याख्या कीजिए। 8

Explain the importance of persuasive communication in attitudinal change.

Downloaded from: http://studymarathon.com/

STUDY MARATHON

## खण्ड – ब/SECTION – B

11. ईमानदारी क्या है ? शासन में ईमानदारी के दार्शनिक आधार की स्पष्ट व्याख्या कीजिये।
What is the probity ? Explain clearly the philosophical basis of probity in governance. 12

12. आचार-सिद्धान्त के किन पाँच सिद्धान्तों को आप प्राथमिकता प्रदान करेंगे और क्यों ? विवेचना कीजिये।
Which of the five principles of code of conduct will be given priority by you and why ? Discuss. 12

13. गीता का 'अनासक्त योग' क्या है ? सिविल सेवकों के लिए यह क्या संदेश देता है ? व्याख्या कीजिये।
What is Gita's 'Anasakta Yoga' ? What message does it provide to civil servants ? Explain. 12

14. काण्ट का 'कर्तव्य के लिए कर्तव्य' का सिद्धान्त क्या है ? सिविल सेवा में इस सिद्धान्त की क्या भूमिका है ? विवेचना कीजिए।
What is Kant's doctrine of 'duty for duty's sake' ? What is the role of this principle in civil services ? Discuss. 12

15. देवानन्द, पेंशन विभाग में अनुसचिव के रूप में कार्य करते हैं। एक दिन उसके मित्र गुरुदत्त, जो स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया में एक पी.ओ. है, निम्न घटना का ज़िक्र करते हैं : 12

1) पिछले दो वर्षों से सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी श्री अशोक कुमार अपनी मासिक पेंशन का 30% श्रीमती बिन्दू चोपड़ा को चेक के माध्यम से हर महीने भुगतान कर रहे हैं।
2) मैंने पाया कि श्रीमती चोपड़ा पेंशन कार्यालय में आपके अधीन कार्य कर रहे अनुभाग अधिकारी श्री प्रेम चोपड़ा की पत्नी हैं।
3) मुझे इसमें संशय लग रहा है कि हो सकता है, यह घूस सम्बन्धी घोटाला हो, जिसमें एक वरिष्ठ नागरिक को प्रेम चोपड़ा से पेंशन सम्बन्धी फाइल का निपटारा करने के लिए घूस देने के लिए बाध्य किया जा रहा हो और पत्नी के खाते में घूस जमा करने को विवश किया जा रहा हो।

देवानन्द, श्री अशोक कुमार के घर जाते हैं और पाते हैं कि वे अल्ज़ाइमर के रोग से ग्रस्त है और सुसंगत उत्तर देने में अक्षम है। निराश देवानन्द सीधे प्रेम चोपड़ा से ही पूछताछ करने लगते हैं। प्रेम चोपड़ा बताते हैं, "श्री अशोक कुमार उसके पिता के मित्र हैं। उनकी न तो कोई संतान है और न ही रिश्तेदार, मेरी पत्नी बिन्दू लम्बे समय से उनकी देखभाल पुत्री की तरह कर रही हैं। इसलिए श्री अशोक कुमार शुभेच्छा से हमें धन प्रदान कर रहे हैं, जिससे कि हम अपने पुत्र को कोटा (राजस्थान) में आई.आई.टी. की महंगी कोचिंग करा रहे हैं। यह वैयक्तिक पारिवारिक मामला है और इससे आपका (देवानन्द) कोई लेना देना नहीं है"।

आप क्या सोचते हैं कि देवानन्द ने भयंकर गलती की या वे अपने नैतिक कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

Dev Anand is working as under secretary in the Pension Department. One day, his friend Guru Dutta, an S.B.I. P.O. narrates the following incident :

1) For last two years, a retired government employee Mr. Ashok Kumar is giving 30% of his monthly pension to Mrs. Bindu Chopra every month through a cheque.
2) I found that Mrs. Chopra happens to be the wife of Mr. Prem Chopra, a Section Officer in the pension office under you.

P.T.O.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

3) I feel something is fishy-may be this is part of a bribe scam, where a senior citizen is forced to pay money to clear his pension files from Prem Chopra and to submit bribes in his wife's account.

Dev Anand visits Mr. Ashok Kumar's home and finds that he is suffering from Alzheimer's disease unable to give coherent answers. Frustrated Dev Anand directly questions Prem Chopra. But Prem Chopra says, "Mr. Ashok Kumar was a friend of my father. He has no relatives and children and my wife Bindu has been taking care of him like a daughter since a long time. Therefore Mr. Ashok Kumar gives us money out of goodwill and so we can send our son to an expensive I.I.T. coaching at Kota, Rajasthan. Besides, this is a personal family matter and none of your damn business".

Do you think that Deva Anand has made a blunder or is he merely performing an ethical duty ? Answer logically.

16. क्रोध एक हानिकारक नकारात्मक संवेग है, यह व्यक्तिगत जीवन एवं कार्य जीवन दोनों के लिए हानिकारक है। इसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है ? व्याख्या कीजिये। 12

Anger is a harmful negative emotion, it is injurious to both the personal life and the work life. How can it be controlled ? Explain.

17. "ऐसा कहा जाता है कि सरकारी अफसर घूस इसलिए लेते हैं क्योंकि लोग उनको घूस देते हैं। यदि लोग घूस देना बंद कर दें, तो घूस की समस्या समाप्त हो जायेगी।" इस कथन के बारे में आपका क्या विचार है ? आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये। 12

"It is said that government servants take bribe because people offer bribe to them. If people stop offering bribe, the problem of bribe will be solved." What is your opinion about the statement ? Examine critically.

18. लोक सेवकों के लिए आवश्यक बुनियादी मूल्यों को संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए। 12

Present in brief the necessary foundational values for the civil servants.

19. सामाजिक प्रभाव और अनुनय ने भारत में कोरोना वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने में योगदान दिया है। विवेचना कीजिए। 12

Social influence and persuasion contributed in controlling the spread of the Corona Virus in India. Discuss.

20. आप एक लोक सेवक हैं, जो ऐसे प्रदेश में तैनात हैं जहाँ अभी-अभी चुनाव सम्पन्न हुए हैं। नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के चुनाव घोषणा-पत्र में शराब-बंदी प्रमुख वादा था। इस वादे को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रदेश में शराब की खरीद एवं बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया। क्या सरकार को इस मामले में दखल देना चाहिए जो ज्यादातर के द्वारा व्यक्तिगत पसंद/इच्छा का मामला माना जाता हो ? तर्कसंगत रूप से समीक्षा कीजिए। 12

You are a civil servant posted in State where elections were held recently. To ban the sale of alcohol was the main promise in the election manifesto of newly elected Chief Minister. To fulfil this promise, Chief Minister has ordered a total ban on sale and purchase of the alcohol in the State. Whether the government should interfere in the matter which is considered by many to be a matter of personal choice ? Comment logically.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

SEAL